http://www.upboardonline.com

अर्द्धवार्षिक परीक्षा –2019–20 **AK-750**

## विषय– सामान्य हिन्दी

**समय–3 घण्टे** कक्षा–XII **पूर्णांक–100**

---

**निर्देश–** (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
(ii) प्रश्न–पत्र हल करते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

### खण्ड (क)

1. (क) हिन्दी गद्य साहित्य के जनक माने जाते हैं – 1
(i) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (ii) पं० लल्लूलाल
(iii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (iv) इंशा अल्ला खाँ

(ख) सरदार पूर्णसिंह का लेखन–युग है– 1
(i) भारतेन्दु युग (ii) द्विवेदी युग (iii) छायावादी युग (iv) छायावादोत्तर युग

(ग) 'हरखू' पात्र किस कहानी से सम्बन्धित है – 1
(i) बलिदान (ii) आकाशदीप (iii) प्रायश्चित (iv) समय

(घ) 'अशोक के फूल' किस विधा की कृति है – 1
(i) निबन्ध (ii) कविता (iii) नाटक (iv) एकांकी

(ङ) घुमक्कड़शास्त्र के रचयिता कौन हैं – 1
(i) राहुल सांकृत्यायन (ii) विद्यानिवास मिश्र
(iii) डॉ० नगेन्द्र (iv) वृन्दावनलाल वर्मा

2. (क) आदिकाल का एक अन्य नाम है– 1
(i) स्वर्णयुग (ii) सिद्ध–सामन्तकाल (iii) शृंगारकाल (iv) भक्तिकाल

(ख) 'साहित्यलहरी' रचना है – 1
(i) कबीरदास की (ii) सूरदास की
(iii) गोस्वामी तुलसीदास की (iv) बिहारी की

(ग) 'प्रकृति का सुकुमार कवि' किसको कहा गया है – 1
(i) रामधारीसिंह दिनकर (ii) जयशंकर प्रसाद
(iii) महादेवी वर्मा (iv) सुमित्रानन्दन पंत

(ङ) 'आधुनिक युग की मीरा' है – 1
(i) सुभद्राकुमारी चौहान (ii) महादेवी वर्मा
(iii) शिवानी (iv) इनमें से कोई भी नहीं

3. दिये गये गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिये–

<u>यह अनुभव कितना चमत्कारी है कि यहाँ जो जितनी अधिक वृद्धी है वह उतनी ही अधिक उत्फुल्ल, मुस्कानभरी है।</u> यह किस दीपक की ज्योति है? जागरूक जीवन

P.T.O.

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com



की। लक्ष्यदर्शी जीवन की। सेवा निरत जीवन की। अपने विश्वासों के साथ एकाग्र जीवन की। भाषा के भेद रहे हैं, रहेंगे भी, पर यह जोत विश्व की सर्वोत्तम जोत है।

1. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है? इसके रचयिता कौन हैं? 2
2. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिये। 2
3. भिन्न–भिन्न प्रान्तों में भाषा में क्या अन्तर देखने को मिलता है? 2
4. कौन–सी ज्योति विश्व की सर्वोत्तम ज्योति है? 2
5. प्रस्तुत गद्यांश में लेखक ने किसके कुल–धर्म जीवन का चित्रांकन किया है? 2

अथवा

ज्यों–ज्यों कर्म क्षीण हो जाता है, त्यों–त्यों निन्दा की प्रवृत्ति बढ़ती जाती है। कठिन कर्म ही ईर्ष्या–द्वेष और इनसे उत्पन्न निन्दा को मारता है। <u>इन्द्र बड़ा ईर्ष्यालु माना जाता है क्योंकि वह निठल्ला है। स्वर्ग में देवताओं को बिना उठाया अन्न, बे बनाया महल और, बिन बोये फल मिलते हैं। अकर्मण्यता में उन्हें अप्रतिष्ठित होने का भय बना रहता है, इसलिये कर्मी मनुष्यों से उन्हें ईर्ष्या होती है।</u>

1. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है? इसके लेखक कौन हैं?
2. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिये।
3. निन्दा की प्रवृत्ति कब बढ़ती जाती है?
4. ईर्ष्या–द्वेष और इनसे उत्पन्न निन्दा को कौन मारता है?
5. इन्द्र को ईर्ष्यालु क्यों माना जाता है?

4. दिये गये पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिये–

<u>कहते आते थे यही अभी नरदेही</u>
<u>माता न कुमाता, पुत्र कुपुत्र भले ही।</u>
अब कहें सभी यह हाय! विरूद्ध विधाता–
है पुत्र पुत्र ही, रहे कुमाता माता।
बस मैंने इसका बाह्य–मात्र ही देखा,
दृढ़ हृदय न देखा, मृदुल गात्र ही देखा।

(i) उपर्युक्त पद्यांश किस पाठ से लिया गया है? इसके रचयिता कौन हैं? 2
(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिये। 2
(iii) पद्यांश के अनुसार आज तक मनुष्य क्या कहते आए हैं? 2
(iv) पद्यांश के अनुसार अब सभी मनुष्य क्या कहा करेंगे? 2
(v) किसने प्रायश्चित किया है कि मैंने पुत्र का कोमल शरीर ही देखा, उसका दृढ़ हृदय नहीं देखा? 2

अथवा

सावधान, मनुष्य! यदि विज्ञान है तलवार,

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com



तो इसे दे फेंक, तजकर मोह, स्मृति के पार।
हो चुका है सिद्ध, है तू शिशु अभी अज्ञान,
फल– काँटों की तुझे कुछ भी नहीं पहचान।
खेल सकता तू नहीं ले हाथ में तलवार,
काट लेगा अंग, तीखी है बड़ी यह धार।

(i) उपर्युक्त पद्यांश किस पाठ से लिया गया है? इसके रचयिता कौन हैं? 2
(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिये। 2
(iii) कवि ने किसे तलवार बताते हुये मनुष्य को इसे दूर फेंकने की सलाह दी है? 2
(iv) कवि ने किसे शिशु के समान अज्ञानी मानते हुये उसे सचेत किया है? 2
(v) कवि ने भौतिकवादी और वैज्ञानिक युग के मानव को क्या चेतावनी दी है? 2

5. निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते उनकी रचनाओं का उल्लेख कीजिये– 2+2 = 4
(i) डॉ0 वासुदेव शरण अग्रवाल (ii) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(iii) प्रो0 जी0 सुन्दर रेड्डी (iv) डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम

6. निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुये उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिये – 2+2 = 4
(i) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (ii) जयशंकर प्रसाद
(iii) सुमित्रानन्दन पंत (iv) महादेवी वर्मा

7. निम्नलिखित में से किसी एक कहानी के आधार पर लेखक का उद्देश्य स्पष्ट कीजिये– (i) पंचलाइट (ii) लाटी 4

अथवा

ध्रुवयात्रा अथवा बहादुर कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

8. कुहासा और किरण नाटक के प्रथम अंक की कथा का सारांश लिखिए। (शब्द सीमा अधिकतम 80) 4

अथवा

कुहासा और किरण नाटक के आधार पर अमूल्य का चरित्रांकन कीजिए।

9. श्रवणकुमार खण्डकाव्य के सप्तम सर्ग अभिशाप का सारांश लिखिए। 4

अथवा

श्रवणकुमार खण्डकाव्य के नाटक श्रवणकुमार का चरित्र–चित्रण कीजिये।

खण्ड (ख)

10. दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिये–
ततः कदाचिद् द्वारपाल आगत्य महाराजं भोजं प्राह– 'देव, कौपीनावशेषो विद्वान द्वारि वर्तते' इति। राजा 'प्रवेशय' इति। ततः प्रविष्टः सः कविः भोजमालोक्य अद्य

P.T.O.

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com



मे दारिद्र्यनाशो भविष्यतीति मत्वा तुष्टो हर्ष श्रुणि मुमोच। राजा तमालोक्य प्राह– 'कवे, किं रोदिषि' इति। 2+5 = 7

याज्ञवल्क्य उवाच–न वा अरे मैत्रेयि! पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवति। आत्मनस्तु वै कामाय पतिः प्रियो भवति। न वा अरे, जायायाः कामाय जाया प्रिया भवति, आत्मनस्तु वै कामाय जाया प्रिया भवति। न वा अरे, पुत्रस्य वित्तस्य च कामाय पुत्रो वित्तं वा प्रियं भवति, आत्मनस्तु वै कामाय पुत्रो वित्तं वा प्रियं भवति।

11. निम्नलिखित श्लोकों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिये–
भाषासु मुख्या मधुरा दिव्या गीर्वाण भारती। 2+5 = 7
तस्या हि मधुरं काव्य तस्मादपि सुभाषितम्।।

अथवा

न मे रोचते भद्रं वः उलूकस्याभिषेचनम्।
अक्रुद्धस्य मुखं पश्य कथं क्रुद्धो भविष्यति।।

12. निम्नलिखित मुहावरे और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखिए और अपने वाक्य में प्रयोग कीजिये– http://www.upboardonline.com 1+1
(i) नौ दो ग्यारह होना। (ii) काला अक्षर भैंस बराबर।
(iii) एक पन्थ दो काज। (iv) नाच न जाने आँगन टेढ़ा।

13. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिये– 3

(i) स्वागतम् का सन्धि विच्छेद है –
(अ) स्वा + गतम् (ब) स्वागत + म्
(स) सु + आगतम् (द) स्वाग + तम्

(ii) 'परमार्थः' का सन्धि विच्छेद है –
(अ) परम् + अर्थः (ब) पर + मर्थः
(स) पर + मार्थः (द) परमा + अर्थः

(iii) 'पावकः' का सन्धि विच्छेद है –
(अ) पौ + अकः (ब) पाव + कः
(स) प + आवकः (द) पा + वकः

(iv) 'महेशः' का सन्धि विच्छेद है –
(अ) महं + एशः (ब) महा + ईशः
(स) महे + एशः (द) महे + अशः

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं तीन में नियम–निर्देशपूर्वक सन्धि विच्छेद कीजिये–
(i) शरणार्थी (ii) शिक्षालयः (iii) नायकः (iv) गणेश

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com



14. निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द की विभक्ति और वचन के सही विकल्प को चुनकर लिखिए– 1+1 = 2

(i) जगताम् –
(अ) द्वितीया, द्विवचन (ब) चतुर्थी, एकवचन (स) षष्ठी, बहुवचन

(ii) सरिद्भिः –
(अ) द्वितीया विभक्ति, बहुवचन (ब) चतुर्थी विभक्ति, बहुवचन
(स) द्वितीया विभक्ति, द्विवचन (द) तृतीया विभक्ति, बहुवचन

अथवा

निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द में प्रयुक्त विभक्ति और वचन का उल्लेख कीजिये–

(i) आत्मनि (ii) जगते (iii) सरिता

15. (क) निम्नलिखित शब्द–युग्मों में से किसी एक शब्द–युग्म का सही अर्थ चुनकर लिखिए– 2

(i) अनल–अनिल –
(अ) पृथ्वी और आकाश (ब) अग्नि और वायु
(स) जल और वायु (द) पानी और आग

(ii) सुत–सूत–
(अ) पुत्र और पिता (ब) पुत्र और सारथी
(स) पुत्र और माता (द) पुत्र और पत्नी

निम्नलिखित शब्द–युग्मों में से किसी एक शब्द युग्म का अर्थ स्पष्ट कीजिये–

(i) चिर–चीर (ii) दिन–दीन

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो भिन्न –भिन्न अर्थ लिखिए–

(i) उत्तर (ii) आम (iii) पूत 1+1 = 2

निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए–

(i) द्विज शब्द का अर्थ है –
(अ) ब्राह्मण (ब) पशु (स) सिंह (द) क्षत्रिय

(ii) 'हार' शब्द का सही अर्थ है –
(अ) गले का आभूषण (ब) दुःख
(स) विजय (द) घबराना

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्द समूहों के लिये एक–एक शब्द लिखिये– 1+1 = 2

(i) जो उत्तीर्ण न हुआ हो। (ii) जिसे सहन न किया जा सके।

P.T.O.

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com



(iii) जो निन्दा के योग्य हो।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यांशों में से किन्हीं दो के लिये शब्द का चयन कर सही विकल्प चुनिये–

(i) जिसका कोई शत्रु न हो –
(अ) अजन्मा (ब) अजातशत्रु (स) जातशत्रु (द) शत्रुघ्न

(ii) जिसके आर–पार देखा जा सके –
(अ) अगोचर (ब) पारदर्शी (स) गोचर (द) पार्थिव

(iii) बहुत तेज बुद्धि वाला–
(अ) कुलीन (ब) चतुर (स) कुशाग्रबुद्धि (द) कृतज्ञ

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिये– 1+1 = 2

(i) मेरा प्राण संकट में है। (ii) मुझे भारी दुःख हुआ।
(iii) कौन में दोष नहीं होता?

16. (क) निम्नलिखित में से किसी एक रस की परिभाषा सोदाहरण लिखिये– 1+1 = 2

शृंगार, वीर, हास्य

निम्नलिखित अलंकारों में से किसी एक अलंकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए– 1+1 = 2

अनुप्रास, यमक, रूपक

(ग) निम्नलिखित में से किसी एक छन्द का लक्षण सोदाहरण लिखिए– 1+1 = 2

चौपाई, दोहा, सोरठा, कुण्डलिया

अपने जनपद के किसी विद्यालय में हिन्दी शिक्षक के रूप में कार्य करने हेतु विद्यालय के प्रबन्धक के नाम आवेदन पत्र लिखिये। 2+4 = 6

अथवा

केरल में बाढ़–पीड़ितों की सहायतार्थ अपने नगर द्वारा संचित धनराशि को यथास्थान पहुँचाने हेतु अपने जिलाधिकारी महोदय को एक पत्र लिखिये।

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा–शैली में निबन्ध लिखिए– 2+7 = 9

(i) नारी सशक्तीकरण।
(ii) विज्ञान–वरदान या अभिशाप।
(iii) पर्यावरण–प्रदूषण–समस्या और समाधान।
(iv) मोबाइल फोन का बढ़ता उपयोग–वरदान या अभिशाप।
भ्रष्टाचार–कारण और निवारण।
मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है।

■■■

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com